दिन– बुधवार दिनांक– 17 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज देश के सबसे बड़े स्वास्थ्य अभियान स्वस्थ नारी सशक्त परिवार की शुरूआत करेंगे। राज्यभर के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में होगा शिविरों का आयोजन।

02. पीएम विश्वकर्मा योजना की दूसरी वर्षगांठ पर बोधगया में आज से दो दिवसीय पीएम विश्वकर्मा और एससी–एसटी हब महासम्मेलन का हो रहा है आयोजन।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज वार्षिक वस्त्र सहायता योजना के तहत पहली बार निबंधित कामगारों के खाते में पांच–पांच हजार रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित करेंगे।

04. और, मौसम विभाग ने आज गोपालगंज जिले में कुछ स्थानों पर अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पचहत्तरवें जन्म दिवस के अवसर पर आज देश का सबसे बड़ा स्वास्थ्य अभियान शुरू होगा। मध्य प्रदेश के धार में आयोजित एक कार्यक्रम से प्रधानमंत्री स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह अभियान का शुभारंभ करेंगे। अभियान के तहत देशभर में एक लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित होंगे। इधर, बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि पटना स्थित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। दो अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत सभी सरकारी अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में स्वास्थ्य शिविर लगाये जायेंगे। इन शिविरों में महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के टीकाकरण के साथ–साथ स्त्री रोग, बाल रोग और अन्य बीमारियों की जांच और उपचार से संबंधित सेवाएं प्रदान की जायेंगी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत पांच सौ इक्यानवे चिन्हित स्थलों पर आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए स्टॉल भी लगाये जायेंगे।

———————————————————

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी आज से पूरे देश में सेवा पखवाड़ा मना रही है। यह पखवाड़ा दो अक्टूबर तक चलेगा। भाजपा केन्द्र और राज्य सरकारों के सहयोग से कल्याणकारी और जागरूकता गतिविधियों का आयोजन भी करेगी। इस दौरान सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुँचाने, स्वच्छता को बढ़ावा देने, जल आपूर्ति सुनिश्चित करने और पर्यावरण संरक्षण अभियान चलाने पर

ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इधर, प्रदेश भाजपा ने सेवा पखवाड़ा के तहत बिहार में **चलो जीते हैं** अभियान की शुरूआत की। पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि अभियान के तहत मोदी रथ के माध्यम से राज्य में पचास हजार से अधिक स्थानों पर लोगों को प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित फिल्म दिखाई जाएगी।

———बाईट———

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने श्री मोदी के स्वस्थ और सुदीर्घ जीवन की कामना की है।

————————————————————————

स्वच्छता ही सेवा दो हजार पच्चीस का नौवां संस्करण आज पूरे देश में शुरू हो गया है। इस संस्करण के तहत राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष स्वच्छता अभियान की शुरूआत हो रही है। ग्रामीण विकास विभाग की विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह अभियान पन्द्रह दिनों तक चलेगा। इसके तहत पच्चीस सितम्बर को राज्यव्यापी एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रम दान कार्यक्रम आयोजित होगा। इस दौरान सभी लोग अपनी सुविधानुसार ग्राम पंचायत या निकट के शहरी ग्रामीण क्षेत्र जाकर श्रमदान में शामिल होंगे। यह अभियान दो अक्टूबर तक चलेगा।

————————————————————————

बोधगया में आज से दो दिवसीय पीएम विश्वकर्मा और एससी–एसटी हब महा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की ओर से पीएम विश्वकर्मा योजना के दो वर्ष पूरे होने पर यह आयोजन हो रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी और मंत्रालय में राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। इस आयोजन में पीएम विश्वकर्मा योजना के दो हजार से अधिक लाभार्थी भाग लेंगे। यहां कामगारों के उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री के लिए सौ से अधिक स्टॉल बनाये गये हैं। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

बिहार में एक लाख 62 हजार से लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत सफलतापूर्वक तीन चरणों का सत्यापन पूरा कर लिया है। यह योजना छोटे–छोटे शिल्पकारों और कामगारों के तकनीकी उन्नयन और उनके व्यवसाय को आगे बढ़ाने में काफी मददगार साबित हुई है। इसके तहत एक लाख से अधिक लाभार्थियों को बुनियादी कौशल प्रशिक्षण दिया गया है। वहीं, लगभग 19 हज़ार लाभार्थियों के बीच 161 करोड़ रुपये की रियायती ऋण राशि प्रदान की गई है। 29 हज़ार विश्वकर्मा लोगों यानी असंगठित क्षेत्र के कामगारों और शिल्पकारों को

इंडिया पोस्ट के माध्यम से उनके घर तक आधुनिक टूलकिट उपलब्ध कराये गये हैं। धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

———————————————————————————

विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज श्रम संसाधन विभाग से निबंधित सभी कामगारों के खाते में वार्षिक वस्त्र सहायता योजना के तहत पांच–पांच हजार रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित करेंगे। प्रदेश में पहली बार यह योजना लागू की जा रही है। श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने बताया कि सोलह लाख चार हजार नौ सौ उनतीस श्रमिकों के खाते में लगभग आठ सौ दो करोड़ रुपये की राशि भेजी जाएगी। इस अवसर पर श्री कुमार मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के वेब पोर्टल का भी शुभारंभ करेंगे।

———————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज शाम पटना आ रहे हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायवाल ने बताया कि श्री शाह कल डेहरी और बेगूसराय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान विधानसभा चुनाव की रणनीति पर मुख्य रूप से चर्चा की जायेगी।

———बाइट———

———————————————————————————

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से वस्तु एवं सेवा कर में अगली पीढ़ी के सुधारों की घोषणा की थी। उनका सपना इस महीने की तीन तारीख को साकार हुआ जब जीएसटी परिषद् ने विभिन्न क्षेत्रों में कर की दरों में कटौती की घोषणा की ताकि आम लोगों को राहत मिले। आज हम उन सामग्रियों के बारे में चर्चा करेंगे जिन पर वस्तु और सेवा कर की दर बारह प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दी गई है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

———————————————————————————

सृष्टि के प्रथम वास्तुकार भगवान विश्वकर्मा की आज श्रद्धापूर्वक पूजा–अर्चना की जा रही है।

———म्यूजिक———

भगवान विश्वकर्मा को निर्माण तथा सृजन का देवता माना जाता है। इस अवसर पर प्रदेश भर के इंजीनियरिंग प्रतिष्ठानों में पूजा का आयोजन किया जा रहा है। कारखानों, वर्कशॉप और गैराजों में भी पूजा की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वकर्मा पूजा पर लोगों को बधाई दी है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री

नीतीश कुमार और श्रम संसाधन विभाग के मंत्री संतोष कुमार सिंह ने लोगों को इस अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———म्यूजिक———

————————————————————————————

मानसून की अति सक्रियता के कारण पटना समेत राज्य के अधिकतर भागों में भारी से बहुत भारी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज गोपालगंज जिले में कुछ स्थानों पर अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, सीवान, पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, और सारण जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की आशंका है। अन्य स्थानों पर गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

———बाइट———

————————————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने रोहतास जिले के बिक्रमगंज अनुमंडल कार्यालय में पदस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी के आदेशपाल विनोद कुमार ठाकुर को एक लाख साठ  हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। निगरानी के डीएसपी नरेन्द्र कुमार ने बताया कि आदेशपाल किस वरीय अधिकारी के लिए रिश्वत ले रहा था, इसकी जांच की जा रही है। इधर, निगरानी की टीम ने मोतिहारी स्थित प्रखंड संसाधन केन्द्र में कार्यरत एक डाटा एंट्री ऑपरेटर को दस हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

————————————————————————————

मधुबनी जिले के जयनगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने तीन लोगों को मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की खरीद–बिक्री के आरोप में गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक सौ पचास ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया है।

————————————————————————————

पटना की पॉक्सो अदालत ने अप्राकृतिक यौनाचार के प्रयास के आरोप में दोषी रमाशंकर पांडेय को पांच साल करावास और पचास हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। वहीं, जिले की एक अदालत ने हत्या के एक मामले में दोषी राजेश यादव को आजीवन करावास और पैंतालीस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

————————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने छात्रहित में लिया फैसला, बिहार में शिक्षा लोन ब्याज मुक्त, किस्त की समय सीमा बढ़ी।

दैनिक जागरण ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखता है– एसआईआर होने पर देशभर के मतदाता सूची से हट सकते हैं, पन्द्रह करोड़ से अधिक लोगों के नाम।

प्रभात खबर ने लिखा है–प्रारंभिक स्कूलों में दस हजार पांच सौ अठहत्तर और प्लस–टू में सोलह हजार शिक्षकों की होगी भर्ती।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– जहानाबाद में तेजस्वी के सामने ही राजद विधायक को हटाने के लगे नारे।

आज अखबार लिखता है– पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन आज से नालंदा में।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज देश के सबसे बड़े स्वास्थ्य अभियान स्वस्थ नारी सशक्त परिवार की शुरूआत करेंगे। राज्यभर के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में होगा शिविरों का आयोजन।

02. पीएम विश्वकर्मा योजना की दूसरी वर्षगांठ पर बोधगया में आज से दो दिवसीय पीएम विश्वकर्मा और एससी–एसटी हब महासम्मेलन का हो रहा है आयोजन।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज वार्षिक वस्त्र सहायता योजना के तहत पहली बार निबंधित कामगारों के खाते में पांच–पांच हजार रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित करेंगे।

04. और, मौसम विभाग ने आज गोपालगंज जिले में कुछ स्थानों पर अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।